सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री श्यामधर मिश्र) : (क) केन्द्र द्वारा चालू की गई योजना के अन्तर्गत दिल्ली में १ थोक भण्डार और ४६ प्राथमिक भण्डारों को अब तक गठित पुनर्जीवित किया गया है ।

(ख) जी हां, सरकार ने अभी तक १ लाख रु० थोक भण्डार और २५,००० रु० १० प्राथमिक भण्डारों की अंश-पूंजी के लिए दिए हैं । ६ प्राथमिक भण्डारों को ४७५७ रु० की राशि प्रबन्धकीय उपदान के रूप में भी दी गई है ।

(ग) थोक भण्डार ने अपने सम्बद्ध प्राथमिक भण्डारों को चावल सप्लाई करना शुरू किया है, जिसकी कीमत बाजार के भाव से कम है । इसने हाल ही में चीनी नियंत्रण आदेश १९६३ के अधीन सरकार द्वारा निर्धारित कीमत पर अपने प्राथमिक भण्डारों के माध्यम से वितरित करने के लिए चीनी का कोटा भी लिया है ।

National Highway in Salem District

2548. **Shri S. Kandappan:** Will the Minister of **Transport and Communications** be pleased to state whether Government have any proposal to construct an inter-State National Highway *via* Kolathoor from Mettur Dam in the Salem District connecting Tamilnad with Karnataka?

The Minister of Shipping in the Ministry of Transport and Communications (Shri Raj Bahadur): No, Sir. But a grant-in-aid of Rs. 15 lakhs has been aproved under the Central aid programme for roads of inter-State or economic importance for the improvement of the Madras State section of the road connecting Mettur in the Madras State with Madheswaram in the Mysore State *via* Kulathur. This road provides a conecttion between Tamilnad and Karnataka.

Privilege Passes and P.T.Os.

2549. **Shri A. K. Gopalan:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Railway employees who are under suspension or are on leave (authorised or unauthorised) are entitled to privilege passes and P.T.Os.; and

(b) if so, the details thereof?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri S. V. Ramaswamy): (a) and (b). A statement is laid on the Table of the House. [Placed in the Library. *See* No. LT-1266/63].

रेलवे में ठगी करने वाले

२५५०. **श्री भक्त दर्शन** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेल के अपराध विभाग ने हाल में एक ऐसे अन्तर्राज्यीय ठग गिरोह का पता लगाया है, जिसने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों में रेलवे और कई व्यापारियों को ठग लिया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या उस ठग गिरोह के कारनामों पर प्रकाश डालने वाला एक विस्तृत विवरण सभा-पटल पर रखा जायगा ; और

(ग) उन ठगों व उनसे सम्बन्धित रेल कर्मचारियों को गिरफ्तार करके दण्ड दिलाने में अब तक क्या सफलता मिली है ।

रेलवे मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग): अब तक ४ व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं । चूंकि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, इसलिए अभी इस गिरोह के कारनामों के बारे में विस्तृत विवरण देना संभव नहीं है ।